
आत्मनो मोक्षार्थं जगत् हिताय च



# NATIONAL YOUTH DAY

## Competitions, 2024-25

युवाओं के लिए

## राष्ट्रीय युवा दिवस प्रतियोगिता

**From 21st Aug to 21st Nov (1st Phase, Intra School Level) And from 12th Dec to 21st Dec. 2024 (2nd Phase, Inter School Level)**

*Drawing, Recitation, Debate, Group Song, Essay Writing, Speech, Handicraft, Quiz (Oral, Written), Rangoli*

**Declared Open on Guru Purnima, 21st July 2024**

Culmination on

NYD Celebration & Prize Distribution

**Sunday, 12th Jan. 2025 at 9.30 am**

**WELCOME**


## Ramakrishna Mission Sevashrama

**Swami Vivekananda Path, Bela, Muzaffarpur-842002**

**0621-2272127, 2272963**

**9123435351/9470701911/9931490439**

**Visit**

**https://rkmsmuzaffarpur.org/**

## IMPORTANT NOTES AND INSTRUCTIONS

Directors / Principals / Head of Schools /Colleges / University/ Coaching Institutes are humbly requested to encourage participation of their students in the Value based National Youth Day Competitions, 2024-25. Purpose of NYD Competitions is to improve the Personality of students.

The National Youth Day Competitions will be conducted in two phases. The 1st Phase competitions will be organized at Inter-school level in Schools and the Final Phase at Inter-school level in the Ashrama premises. Schools / Institutions should fill-in Details of Participation and Abstract of Participation forms.

For participation in the competitions (Final Phase) and prize distribution program (National Youth Day Celebration) students should be escorted by teachers/parents to and fro. Light refreshment for all will be arranged in the final phase competitions to be held at Ashram and on the occasion of prize distribution ceremony on National Youth Day Celebration, 12 January, 2025.

1. **Participation and Award:**

   **a. First Phase: Intra-School/College Comptt.** ( to be held at Schools)

   Eligibility: Any number of students from class II to P.G. can participate in it.
   Winners: To be awarded 1st, 2nd, 3rd prizes.
   Consolation: To be awarded Consolation Prizes to 5% of the total number of participants per event per language of each school.
   Participation: All the rest participating in school level competitions will be awarded Participation Certificates

   b. **Final Phase: Inter- school/ College Comptt. (** to be held at Ashrama)

   The name of the selected students eligible for Final Phase Competitions will be declared by the Ashrama immediately after completion of the first phase of competitions conducted at Schools/College.

   Eligibility: 1st, 2nd 3rd prize winners and Consolation Prize winners of First Phase School Level Competitions

   Winners: To be awarded 1st, 2nd, 3rd Prizes.
   Consolation: To be awarded Consolation Prizes to 5% of the total number of participants per event per language.
   Participation Certificate: To rest of the participants.

2. **Time, Place**: Time, Date and Place of each competition is mentioned in the **Event Schedule**. The first phase of the competition termed as Intra-school competition will be held at Schools/College on dates as per their convenience between August and November, 2024. Institutions will fill up in the attached Event Schedule with dates of First Phase competitions to be held in their Schools/Colleges and send to our Ashrama before the last date of Registration, that is 20th August, 2024. While conducting the First Phase competitions by institutions the representatives of Ashrama will be present in the event and guide if needed. The final phase of the competition, termed as 'Inter-school Competition' will commence at Ashrama premise on different dates in December, 2024 at 9.30 am as per schedule. Candidates are to report half an hour prior to schedule.

3. **Registration fee, Last Date of Registration:** Rs. 25 for each event for each student. A student can participate in any number of competitions according to his class and group. List of participants of the first phase competitions should be prepared by schools and submitted to our Ashrama latest by 20th August . 2024 along with registration fee. Registration can be done Online through Official Website. All details of competitions can be downloaded through official website www.rkmsmuzaffarpur.org
4. **Medium of Language:** Students can participate in Hindi or English or Sanskrit languages. Prizes will be given to the winners in each language and each group separately.

5. **Reference Books:** are available at the Ashrama Book Stall. 15% discount allowed for competition purpose to students. Schools may collect the books from Ashrama. (Timings: 9:00AM To 1:00 PM. And 2:00 PM to 5:00 PM, Sunday closed).

6. **Necessary Articles for Competition:** Drawing sheets and Ruled Papers will be provided to the students by Ashrama. Recitation Passages may be Xeroxed from the main copy provided to schools. All other required materials are to be brought by students only. All details of competitions can be downloaded through official website www.rkmsmuzaffarpur.org

7. **Prize Distribution**: Students of 1st, 2nd and3rd positions and consolation prize winners of the Inter school performance at the Final Phase conducted in the Ashrama on different dates mentioned in the Event Schedule will be awarded on Sunday, 12thJanuary, 2025 in the Ashrama at 9.30 am. All winners are to report by 9.15 am on this date.

8. **Intimation of the Results of Competition and NYD Celebration:** Program will be published on Ashrama website (www.rkmsmuzaffarpur.org) and will also be intimated to schools/colleges in the first week of January 2025.

9. **National Youth Day (NYD):** Will be celebrated on Sunday, 12 January, 2025 from 9.30 AM to 1:00 PM. Top winners of the final phase selected by Ashrama will give their stage performance on this day. The school has to take care of preparation and performance of the student.

10. Kindly send your E-mail ID and Mobile No. on our official Email ID:- rkm.muzaffarpur@gmail.com

**For further details and clarification please contact , Mob. 9123435351(D.K), 9470701911(Sw.LM), 9931490439(S.N.P)**

**Ramakrishna Mission Sevashrama, Muzaffarpur**

# NATIONAL YOUTH DAY

**Competitions 2024-25**

## EVENT SCHEDULE

| Events | Gr. | Class | Intra School / 1st Round in Schools Date,Time be fixed by Schools / Colleges & inform to Ashrama | Inter School / Final Round at Ashrama Date /Time | Topic, Notes, Instructions | Notes, Instructions |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.Drawing | A | 2,3 | | Thr. 12 Dec. 2024 9:30 am | Indian National Flag (भारतीय राष्ट्रीय ध्वज) or Any Flower (कोई फूल) | Drawing Sheets will be supplied by Ashrama. Pencil,brush, paint have to be brought by students. Time allowed : 2 hours |
| | B | 4,5 | | Thr. 12 Dec. 2024 9:30 am | Rainbow (इन्द्रधनुष ) | |
| | C | 6 to 8 | | Thr. 12 Dec. 2024 9:30 am | Football Players in the Ground (मैदान में फुटबॉल खिलाड़ी ) | |
| | D | 9,10 | | Thr. 12 Dec. 2024 9:30 am | Chicago posture of Swami Vivekananada(स्वामी विवेकानन्द की शिकागो मुद्रा) | |
| | | | | | | |
| 2.(a) Recitation Hindi, English, Sanskrit | A | 2,3 | | Fri. 13 Dec. 2024 9:30 am | पुष्प की अभिलाषा / If (Rudyard Kipling) / सुभाषितानि | Students have to memorize the given passage and recite the same without seeing the passage. They may opt all three Languages |
| | B | 4,5 | | Fri. 13 Dec. 2024 9:30 am | जाग उठी है मातृभूमि !/India's future / ईशावास्योपनिषद् | |
| | C | 6 to 8 | | Fri. 13 Dec. 2024 9:30 am | काली माता / Brahma (Ralph Waldo Emerson) / कठोपनिषद् | |
| 2.(b) Recitation Hindi, English, Sanskrit | D | 9,10 | | Sat 14 Dec. 2024 9:30 am | यदि इस संसार में/If there is any land on this earth / गीता | |
| | E | 11,12 | | Sat 14 Dec. 2024 9:30 am | शिकागो धर्म सभा में स्वामीजी का प्रथम भाषण / Swamiji's Chicago Add - Sisters and Brothers / कठोपनिषद् | |
| | | | | | | |
| 3.Debate: | D | 9,10 | | Sun. 15 Dec. 2024 9:30 am | Religion is not necessary for human development/ धर्म मानव-विकास के लिए अनावश्यक हैं। | Only one team of 2 participants from a school /college allowed. The team should compulsorily consist of 2 participants, one for the motion and other against the motion. Both the participants will get 5 mins.To put forward their views and will have to face counter questions from either side. Each team will get 10 mins. only. |
| | E | 11,12 | | Sun. 15 Dec. 2024 9:30 am | *Value Formation in the society is the sole responsibility of teachers/ समाज में मूल्यनिर्माण करना केवल शिक्षको की जिम्मेदारी है Ref. Book:- 1.Teacher as a Tourch Bearer 2.Moral Ethics in Modern Life* | |
| | F | Univ. Level | | Sun. 15 Dec. 2024 9:30 am | Educated people in the country are responsible for valuelessness in the Country/पढ़े लिखे लोग देश में मूल्यहीनता के जिम्मेदार हैं Ref. Book:- 1.Teacher as a Tourch Bearer 2.Moral Ethics in Modern Life | |
| | | | | | | |
| 4.Group Song | C | 6 to 8 | | Mon. 16 Dec. 2024 9:30 am | Devotional song / Patriotic song / Folk song. One team from each group expected from a school. One song allowed for each group . A group to have a minimum of five and maximum of eight students for oral and instrumental both . Language – Hindi / Sanskrit. Time: 5 to 6 mins. for each song. Ref Books:- 1. संगीत कल्पतरु 2. भजनांजलि | Instruments of music have to be arranged by schools. Preference will be given to students who play instrumental as accompaniment. |
| | D | 9 ,10 | | Mon. 16 Dec. 2024 9:30 am | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5.Essay Writing | C | 6 to 8 | | Tue. 17 Dec. 2024 at 9:30 - 10:15 am | Global Warming and Its Ways to Prevent/ वैश्विक तापमान , उसके कारण एवं निदान or Challenges of Indian Democracy/ भारतीय लोकतंत्र की चुनौतियाँ | Time allowed: 45 min Word limit: 400 to 500 words |
| | D | 9,10 | | Tue. 17 Dec. 2024 at 9:30 - 10:15 am | My favourite Freedom fighter/ मेरा प्रिय स्वतंत्रता सेनानी or Freedom Movement of India/ भारतीय स्वाधीनता संग्राम | |
| | | | | | | |
| 6.Speech | C | 6 to 8 | | Wed. 18 Dec. 2024 9:30 am | Science without Religion is lame, Religion without Science is blind/ धर्म के बिना विज्ञान पंगु है, विज्ञान के बिना धर्म अंधा है -Einstein or Swami Vivekananda's message of strength /विवेकानंद के शक्तिदायीविचार | Time allowed: 4 mins. |
| | D | 9,10 | | Thr. 19 Dec. 2024 9:30 am | Artificial Intelligence/कृत्रिम बुद्धिमत्ता or Swamiji's Effect on great Indian Leader/ स्वामीजी का महान भारतीय नेताओं पर प्रभाव | |
| | E,F | 11 to Univ. Level | | Thr. 19 Dec. 2024 9:30 am | The History of the World is the History of a few men who had Faith in themselves/ विश्व का इतिहास उन कुछ व्यक्तियों का इतिहास है जिन्हें स्वयं पर विश्वास था -Swami Vivekananda or India's acchievement in olympics/ भारत की ओलंपिक में उपलब्धि | Time allowed: 5 mins . |
| | | | | | | |
| 7.Handicraft | C | 6 to 8 | | Fri. 20 Dec.2024 9:30 am | Paper Handicraft (कागज आधारित कला) Time allowed:2 hours | Students will bring papers and prepare here. |
| | | | | | | |
| 8.Quiz | C | 6 to 8 | | Thu. 17 Dec.2024 at 11:00 - 12:00 am | 50 questions in Hindi and English.All questions from the book"Life of Sw. Vivekananda"/विवेकानंद की जीवनी - Sw. Tejasananda Ref Books: Life of Sw. Vivekananda - Sw. Tejasananda | Time allowed: 1 hour |
| | D | 9,10 | | Thu. 17 Dec.2024 at 11:00 - 12:00 am | 50 Questions in Hindi and English from the "Vivekananda, A Biography/ विवेकानंद की जीवनी -Sw. Nikhilananda" Ref Books: Vivekananda , A Biography -Sw. Nikhilananda | |
| | | | | | | |
| 9.Rangoli | CD | 6 to 10 | | Sat. 21 Dec.2024 9:30 am | Floral Design Max. Floral Area Allowed 3' X 3' Time allowed: 3 hours | Students will bring colours. |

Note: 1. Registration fee Rs. 25 for each event /each student.

2. 15% Concession allowed by Ashrama in all refrence books mentioned above. Book Stall Time 9 am to 1 pm, 2 pm to 5 pm. Sunday closed.

3.Schools / Institutions should fill-in Details of Participation and Abstract of Participation forms.

4. Registration can be done Online. Details of competitions may be downloaded through official website.

5. For further details please Contact Mobile: 9123435351 (D.K) ,9470701911 (Sw.LM), 9931490439 (SNP) , Tel- Ph: 0621 2272127,2272963

# Recitation Poetry

**Std. II-III, Group-A (हिंदी)**

## पुष्प की अभिलाषा

चाह नहीं मैं सुरबाला के
गहनों में गूँथा जाऊँ,
चाह नहीं; प्रेमी-माला में
बिंध प्यारी को ललचाऊँ,
चाह नहीं, सम्राटों के शव
पर हे हरि, डाला जाऊँ,
चाह नहीं देवों के सिर पर
चढ़ूँ भाग्य पर इंठलाऊँ।
मुझे तोड़ लेना वनमाली
उस पथ पर देना तुम फेंक,
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने
जिस पर जायें वीर अनेक।

**- पं. माखनलाल चतुर्वेदी**

**Std. II-III, Group-A (English)**

## IF

If you can keep your head when all about you
Are losing theirs and blaming it on you,
If you can trust yourself when all men doubt you,
But make allowance for their doubting too;
If you can wait and not be tired by waiting,
Or being lied about, don't deal in lies,
Or being hated, don't give way to hating,
And yet don't look too good, nor talk too wise:

Yours is the Earth and everything that's in it,
And which is more you'll be a Man, my son!

**-Rudyard Kipling**

# पाठश्लोक (Recitation Shlokas)

## Std.II-III, Group A (संस्कृत)

## सुभाषितानि

| श्लोक | अर्थ (केवल समझने हेतु ) |
|---|---|
| **न हि कश्चित् विजानाति किं कस्य श्वो भविष्यति।<br>अतः श्वः करणीयानि कुर्यादद्यैव बुद्धिमान्॥** | कल क्या होगा यह कोई नहीं जानता है इसलिए कल के करने योग्य कार्य को आज कर लेने वाला ही बुद्धिमान है। |
| **यथा हि एकेन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत्।<br>एवं पुरूषकारेण विना दैवं न सिध्यति ॥** | जिस प्रकार एक पहिये वाले रथ की गति संभव नहीं है, उसी प्रकार पुरुषार्थ के बिना केवल भाग्य से कार्य सिद्ध नहीं होता हैं। |
| **विदेशेषु धनं विद्या व्यसनेषु धनं मतिः।<br>परलोके धनं धर्मः शीलं सर्वत्र वै धनम्॥** | विदेश में विद्या धन है, संकट में बुद्धि धन है,परलोक में धर्म धन है और शील सर्वत्र ही धन है। |
| **नास्ति विद्यासमं चक्षुः नास्ति सत्यसमं तपः।<br>नास्ति रागसमं दुखं नास्ति त्यागसमं सुखम् ॥** | विद्या के समान आँख नहीं है, सत्य के समान तपस्या नहीं है, आसक्ति के समान दुःख नहीं है और त्याग के समान सुख नहीं है। |

# Recitation Passage

## Std. IV-V, Group-B (हिंदी)

## जाग उठी है मातृभूमि !

क्या भारत मर जायेगा? तब समस्त संसार से सारी आध्यात्मिकता दूर हो जाएगी, सब नैतिक मूल्यबोध लुप्त हो जायेंगे, धर्म के प्रति समस्त मधुर सहानुभूति की भावना भी चली जाएगी, सब प्रकार के आदर्शवाद विनष्ट हो जाएँगे। उनके स्थान पर काम और विलासिता दोनों देव-देवी के रूप में राज करेंगे। उस पूजा में धन होगा पुरोहित, प्रताड़ना, पाशविक बल और प्रतिद्वन्द्विता होगी पूजा-पद्धति और मानवता होगी उसमें सामग्री। यह कभी नहीं हो सकता। क्रियाशक्ति से सहनशक्ति हजारों गुणा बड़ी होती है। प्रेम का बल घृणा के बल की अपेक्षा अनन्त गुणा अधिक होता है।

प्राचीन काल में बहुत-सी चीजें अच्छी भी थीं और बुरी भी। उत्तम वस्तुओं की रक्षा करनी होगी। परन्तु जो भारत आ रहा है- भावी भारत प्राचीन भारत की अपेक्षा अधिक महान् होगा।

भारत का पुनरुत्थान होगा। जड़ की शक्ति से नहीं, चेतना की शक्ति से। विनाश का विजयध्वज लेकर नहीं, बल्कि शान्ति और प्रेम के ध्वज फैलाकर संन्यासियों के गेरुआ वस्त्र का सहारा लेकर, अर्थशक्ति से नहीं, बल्कि भिक्षापात्र की शक्ति से सम्पादित होगा ... मैं मानो अपनी दिव्यदृष्टि से देख रहा हूँ -हमारी मातृभूमि फिर- जाग उठी है - नव-जीवन लाभ करके पहले से भी अधिक गौरवमय मूर्ति धारणकर अपने सिंहासन पर आरूढ़ होकर। इस बार का केन्द्र भारतवर्ष ही है।

## Recitation Passage

**Std. IV-V, Group -B (English)**

## India's future

Shall India die? Then from the world all spirituality will be extinct, all moral perfection will be extinct, all sweet-souled sympathy for religion will be extinct, all ideality will be extinct; and in its place will reign the duality of lust and luxury as the male and female deities, with money as its priest, fraud, force, and competition its ceremonies, and the human soul its sacrifice. Such a thing can never be. The power of suffering is infinitely greater than the power of doing; the power of love is infinitely of greater potency than the power of hatred.

There were many good things in the ancient times, but there were bad things too. The good things are to be retained, but the India that is to be, the future India, must be much greater than ancient India.

India will be raised, not with the power of the flesh, but with the power of the spirit; not with the flag of destruction, but with the flag of peace and love, the garb of the sannyāsin; not by the power of wealth, but by the power of the begging-bowl.... . But one vision I see clear as life before me, that the ancient Mother has awakened once more, sitting on her throne- rejuvenated, more glorious than ever.

*************

**पाठश्लोक (Recitation Shlokas)**

**IV-V, Group B (संस्कृत)**

## ईशावस्योपनिषद्

| श्लोक | अर्थ (केवल समझने हेतु) |
|---|---|
| ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।<br>पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ॥<br>ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः । | सच्चिदानन्दघन परब्रह्म सब प्रकारसे पूर्ण है। यह जगत् भी पूर्ण ही है क्योंकि उस पूर्ण परब्रह्म-से ही यह पूर्ण उत्पन्न हुआ है। उस पूर्णके पूर्णको निकाल लेनेपर भी पूर्ण ही बच रहता है। |
| ॐ ईशा वास्यमिदँ सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत् ।<br>तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद्धनम् ॥ १॥ | अखिल ब्रह्माण्डमें जो कुछ भी जड- चेतनस्वरूप जगत् है वह समस्त ईश्वरसे व्याप्त है। उस ईश्वरको साथ रखते हुए त्यागपूर्वक इसे भोगो , इसमें आसक्त मत होओ क्योंकि द्यनादि भोग्य पदार्थ किसका है अर्थात् किसीका भी नहीं है॥ १ ॥ |
| कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः।<br>एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे ॥ २॥ | इस जगत में शास्त्रनियत कर्मोंको ईश्वरपूजार्थ करते हुए ही सौ वर्षोंतक जीनेकी इच्छा करनी चाहिये-इस प्रकार त्यागभावसे, परमेश्वरके लिये किये जानेवाले कर्म तुझ मनुष्यमें लिप्त नहीं होंगे। कर्म-बन्धन से मुक्त होने का और कोई मार्ग नहीं हैं ॥ २ ॥ |
| असुर्या नाम ते लोका अन्धेन तमसावृताः।<br>तांस्ते प्रेत्याभिगच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः ॥३॥ | असुरोंके नाना प्रकार की योनियाँ एवं नरक रूप लोक अज्ञान तथा दुःख-क्लेश रूप महान् अन्धकार से आच्छादित हैं। आत्महत्या करने वाले मनुष्य मरकर उन्हीं भयंकर लोकों को बार-बार प्राप्त होते हैं॥ ३॥ |

## Recitation Poetry

**Std.VI-VIII, Group - C (हिंदी)** **काली माता**

छिप गए तारे गगन के,
बादलों पर चढ़े बादल,
काँपकर घहरा अँधेरा,
गरजते तूफान में, शत
लक्ष पागल प्राण छूटे जल्द कारागार से – द्रुम
जड़ समेत उखाड़कर, हर
बला पथ की साफ करके।
शोर से आ मिला सागर,
शिखर लहरों को पलटते
उठ रहे हैं कृष्ण नभ का
स्पर्श करने के लिए द्रुत,
किरण जैसे अमंगल की
हर तरफ से खोलती है

मृत्यु-छायाएँ सहस्रों,
देहवाली घनी काली।
आधि-व्याधि बिखेरती, ऐ,
नाचती पागल हुलसकर
आ, जननि, आ जननि, आ, आ!
नाम है आतंक तेरा , मृत्यु तेरे श्वास में है,
चरण उठकर सर्वदा को
विश्व एक मिटा रहा है,
समय तु है, सर्वनाशिनी,
आ, जननि, आ जननि, आ, आ!
साहसी , जो चाहता है
दुःख, मिल जाना मरण से ,
नाश की गति जानता है, माँ उसी के पास आई।

## Recitation Passage

**Std.VI-VIII, Group-C (English)** **Brahma**

If the red slayer think he slays, Or if the slain think he is slain,
They know not well the subtle ways
I keep, and pass, and turn again.

Far or forgot to me is near;
Shadow and sunlight are the same;
The vanished gods to me appear;
And one to me are shame and fame.

They reckon ill who leave me out;
When me they fly, I am the wings;
I am the doubter and the doubt,
I am the hymn the Brahmin sings.

The strong gods pine for my abode,
And pine in vain the sacred Seven;
But thou, meek lover of the good! Find me, and turn thy back on heaven.

**-Ralfwaldo Emerson**

# पाठश्लोक (Recitation Shlokas )

VI-VIII, Group C (संस्कृत)

## कठोपनिषद्

| श्लोक | अर्थ (केवल समझने हेतु) |
|---|---|
| आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु ।<br>बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च ।।३।। | हे नचिकेता ! तुम जीवात्माको रथका स्वामी (उसमें बैठकर चलनेवाला) समझो और शरीरको रथ समझो, बुद्धिको सारथि (रथको चलानेवाला) समझो और मन को लगाम समझो ॥ ३ ॥ |
| इन्द्रियाणि हयानाहुर्विषयांस्तेषु गोचरान्।<br>आत्मेन्द्रियमनोयुक्तं भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः ॥ ४॥ | ज्ञानीजन इन्द्रियोंको घोड़े बतलाते हैं और विषयोंको उन घोड़ोंके विचरनेका मार्ग बतलाते हैं तथा शरीर, इन्द्रिय और मन के साथ रहनेवाला जीवात्मा को ही भोक्ता बतलाते हैं ॥ ४॥ |
| यस्त्वविज्ञानवान् भवत्ययुक्तेन मनसा सदा।<br>तस्येन्द्रियाण्यवश्यानि दुष्टाश्वा इव सारथेः ॥ ५ ॥ | जो सदा विवेकहीन बुद्धिवाला और अनियंत्रित मनसे युक्त रहता है उसकी इन्द्रियाँ सारथि के दुष्ट घोड़ों की भाँति वशमें न रहनेवाली होती हैं ॥ ५ ॥ |
| यस्तु विज्ञानवान् भवति युक्तेन मनसा सदा<br>तस्येन्द्रियाणि वश्यानि सदश्वा इव सारथेः ॥ ६ ॥ | परंतु जो सदा विवेकयुक्त बुद्धिवाला और वशमें किये हुए मनसे सम्पन्न रहता है उसकी इन्द्रियाँ सावधान सारथिके अच्छे घोड़ों की भाति वशमें रहती हैं॥ ६॥ |
| यस्त्वविज्ञानवान् भवत्यमनस्कः सदाशुचिः ।<br>न स तत्पदमाप्नोति संसारं चाधिगच्छति ॥ ७ ॥ | जो कोई सदा विवेकहीन बुद्धिवाला, असंयतचित्त और अपवित्र रहता है वह उस परमपदको नहीं पा सकता। वह बार-बार जन्म-मृत्युरूप संसार-चक्रमें ही भटकता रहता है॥ ७ ॥ |
| यस्तु विज्ञानवान् भवति समनस्कः सदा शुचिः ।<br>स तु तत्पदमाप्नोति यस्माद् भूयो न जायते ॥ ८॥ | परंतु जो सदा विवेकशील बुद्धिसे युक्त संयतचित्त और पवित्र होता है वही उस परमपदको प्राप्त करता है और उसे लौटकर पुनः जन्म की प्राप्ति नहीं करनी पड़ती ॥ ८ ॥ |
| विज्ञानसारथिर्यस्तु मनः प्रग्रहवान् नरः ।<br>सोऽध्वनः पारमाप्नोति तद्विष्णोः परमं पदम् ॥ ९॥ | जो मनुष्य विवेकशील बुद्धिरूप सारथिसे सम्पन्न और मनरूप लगामको वशमें रखनेवाला होता है वह संसारमार्गके पार पहुँचकर सर्वव्यापी ईश्वर के परमपदको प्राप्त कर लेता है ॥ ९ ॥ |

# Recitation Passage

**Std. IX, X, Group-D (हिंदी)**

## यदि इस संसार में

यदि इस संसार में ऐसा कोई देश है जिसे हम पुण्यभूमि कह सकते है, यदि ऐसा कोई स्थान है जहाँ संसार के प्रत्येक जीव को अपना कर्मफल भोगने के लिए आना पड़ेगा, जहाँ ईश्वर की ओर उन्मुख जीवमात्र को अन्त में आना ही पड़ेगा जहाँ मनुष्य जाति में क्षमा, दया, पवित्रता, शान्तभाव जैसे सद्गुणों का सर्वाधिक विकास हुआ है, यदि कोई ऐसा देश है, जहाँ सबसे अधिक आध्यात्मिक और अन्तर्दृष्टि का विकास हुआ है, तो मैं निश्चित होकर कह सकता हूँ कि वह भूमि हमारी मातृभूमि भारतवर्ष ही है।

भारत के इतिहास में ऐसा कोई युग जरा दिखाएँ तो, जब सारे विश्व की आध्यात्मिकता द्वारा परिचालित करने में समर्थ महापुरुषों का अभाव था, परन्तु भारत की कार्य-प्रणाली है आध्यात्मिक- वह कार्य रणभेरी या सैनिक अभियानों से नहीं हो सकता । भारत का प्रभाव धरती पर सर्वदा नीरव शिशिर पात्र की तरह समस्त विश्व में अनजाने फैला है। परन्तु उसने सर्वदा धरती के सुन्दरतम पुरुषों को विकसित किया है। हमारी मातृभूमि के प्रति विश्व का ऋण अपरिमित है। जब (ईसाई) धर्म कल्पना में भी उत्पन्न नहीं हुआ था, उसके तीन सौ वर्ष पहले ही हमारा धर्म सुप्रतिष्ठित था। विज्ञान के क्षेत्र में भी यह बात सत्य है। प्राचीन भारत की एक और भेंट है वैज्ञानिक दृष्टिसम्पन्न चिकित्सक दल। सर विलियम हण्टर के अनुसार विभिन्न रासायनिक पदार्थों के आविष्कार और कुरूप कान और नाक के पुनर्गठन के उपाय बताकर भारतवर्ष ने आधुनिक चिकित्सा विज्ञान को समृद्ध किया है। गणित के क्षेत्र में तो भारत का योगदान और भी उल्लेखनीय है। बीजगणित, ज्यामिति, ज्योतिष-विद्या और आधुनिक विज्ञान की विजयस्वरूप मिश्र गणित, इन सबका जन्म भारतवर्ष में ही हुआ। यहाँ तक कि, वर्तमान सभ्यता की नींव, संख्या दशक, भारत के मनीषियों की ही सृष्टि है। दस संख्यावाचक दशमलव शब्द वास्तव में संस्कृत शब्द है। दर्शनशास्त्र के क्षेत्र में अन्य जातियों से हम आगे हैं। प्रसिद्ध जर्मन दार्शनिक शोपेनहॉवर ने भी यह स्वीकार किया है। संगीत जगत् को भारत ने सात प्रधान स्वर दिये हैं और सुर के तीन तानों के साथ-साथ स्वरलिपि प्रणाली। भाषा-विज्ञान के क्षेत्र में अब यह सर्वस्वीकृत है कि हमारी संस्कृत भाषा समस्त यूरोपीय भाषाओं का आधार है।

**-स्वामी विवेकानंद**

# Recitation Passage

**Std. IX, X, Group-D (English)**

## If there is any land on this earth

If there is any land on this earth that can lay claim to be the blessed punyabhūmi (sacred land)... the land where humanity has attained its highest towards gentleness, towards generosity, towards purity, towards calmness, above all, the land of introspection and of spirituality-it is India.
And I challenge anybody to show one single period of her national life when India was lacking in spiritual giants, capable of moving the world. But her work is spiritual, and that cannot be done with blasts of war- trumpets or the march of cohorts. Her influence has always fallen upon the world like that of the gentle dew, unheard and scarcely marked, yet bringing into bloom the fairest flowers of the earth.

The debt which the world owes to our Motherland is immense.
In religion, she has exerted a great influence on Christianity, as the very teachings of Christ would [could] be traced back to those of Buddha.... The same holds good with respect to sciences. India has given to antiquity the earliest scientifical physicians, and, according Sir William Hunter, she has even to contributed to modern medical science by the discovery of various chemicals and by teaching you how to reform misshapen ears and noses. Even more it has done in mathematics, for algebra, geometry, astronomy, and the triumph of modern science- mixed mathematics were all invented in India, just so much as the ten numerals, the very cornerstone of all present civilization, were discovered in India, and are in reality, Sanskrit words.

**-Swami Vivekananda**

***************************

## पाठश्लोक (Recitation Shlokas, संस्कृतश्लोक)

Std. IX, X, Group: D

## गीता

| श्लोक | अर्थ (केवल समझने हेतु) |
|---|---|
| **यं हि न व्यथयन्त्येते पुरुषं पुरुषर्षभ। समदुःखसुखं धीरं सोऽमृतत्वाय कल्पते ॥** | हे पुरुषश्रेष्ठ! दुःख -सुखको समान समझनेवाले जिस धीर पुरुषको ये इन्द्रिय और विषयोंके संयोग व्याकुल नहीं करते, वह मोक्षके योग्य होता है ॥ १५ ॥ |
| **नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सतः। उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्त्वदर्शिभिः ॥** | असत् वस्तुकी तो सत्ता नहीं है और सत् का अभाव नहीं है। इस प्रकार इन दोनोंका ही तत्त्व तत्त्वज्ञानी पुरुषोंद्वारा देखा गया है ॥ १६ ॥ |
| **अविनाशि तु तद्विद्धि येन सर्वमिदं ततम्। विनाशमव्ययस्यास्य न कश्चित्कर्तुमर्हति।** | जिससे यह सम्पूर्ण जगत् - दृश्यवर्ग व्याप्त है उसे तुम अविनाशी जानो। इस अविनाशी का विनाश करने में कोई समर्थ नहीं है ॥ १७ ॥ |
| **अन्तवन्त इमे देहा नित्यस्योक्ताः शरीरिणः। अनाशिनोऽप्रमेयस्य तस्माद्युध्यस्व भारत ॥** | इस नाशरहित, अप्रमेय, नित्यस्वरूप जीवात्माके ये सब शरीर नाशवान् कहे गये हैं। इसलिये हे भरतवंशी अर्जुन ! तू युद्ध कर ॥ १८ ॥ |
| **य एनं वेत्ति हन्तारं यश्चैनं मन्यते हतम्। उभौ तौ न विजानीतो नायं हन्ति न हन्यते ॥** | जो इस आत्माको मारनेवाला समझता है तथा जो इसको मरा मानता है, वे दोनों ही नहीं जानते; क्योंकि यह आत्मा वास्तवमें न तो किसीको मारता है और न किसीके द्वारा मारा जाता है ॥ १९ ॥ |
| **न जायते म्रियते वा कदाचि- न्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः। अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो- न हन्यते हन्यमाने शरीरे ॥** | यह आत्मा किसी कालमें भी न तो जन्मता है, और न मरता है न यह उत्पन्न होकर फिर होनेवाला है; क्योंकि यह अजन्मा, नित्य, सनातन और पुरातन है। शरीरके मारे जानेपर भी यह नहीं मारा जाता ॥ २० ॥ |

# Recitation Passage

**Std. XI , XII, Group-E (Hindi)** **शिकागो धर्म सभा में स्वामीजी का प्रथम भाषण**

अमेरिकावासी बहनो तथा भाइयो,

आपने जिस सौहार्द् और स्नेह के साथ हम लोगों का स्वागत किया है, उसके प्रति आभार प्रकट करने के निमित्त खड़े होते समय मेरा हृदय अवर्णनीय हर्ष से पूर्ण हो रहा है। संसार में संन्यासियों की सब से प्राचीन परम्परा की ओर से मैं आपको धन्यवाद देता हूँ; धर्मों की माता की ओर से धन्यवाद देता हूँ; और सभी सम्प्रदायों एवं मतों के कोटि कोटि हिन्दुओं की ओर से भी धन्यवाद देता हूँ।

मैं इस मंच पर से बोलनेवाले उन कतिपय वक्ताओं के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, जिन्होंने प्राची के प्रतिनिधियों का उल्लेख करते समय आपको यह बतलाया है कि सुदूर देशों के ये लोग सहिष्णुता का भाव विविध देशों में प्रचारित करने के गौरव का दावा कर सकते है। मैं एक ऐसे धर्म का अनुयायी होने में गर्व का अनुभव करता हूँ, जिसने संसार को सहिष्णुता तथा सार्वभौम स्वीकृति, दोनों की ही शिक्षा दी है। हम लोग सब धर्मों के प्रति केवल सहिष्णुता में ही विश्वास नहीं करते, वरन् समस्त धर्मों को सच्चा मान कर स्वीकार करते है। मुझे ऐसे देश का व्यक्ति होने का अभिमान है, जिसने इस पृथ्वी के समस्त धर्मों और देशों के उत्पीड़ितों और शरणार्थियों को आश्रय दिया है। मुझे आपको यह बतलाते हुए गर्व होता है कि हमने अपने वक्ष में यहूदियों के विशुद्धतम अवशिष्ट को स्थान दिया था, जिन्होंने दक्षिण भारत आकर उसी वर्ष शरण ली थी, जिस वर्ष उनका पवित्र मन्दिर रोमन जाति के अत्याचार से धूल में मिला दिया गया था । ऐसे धर्म का अनुयायी होने में मैं गर्व का अनुभव करता हूँ, जिसने महान् जरथुष्ट्र जाति के अवशिष्ट अंश को शरण दी और जिसका पालन वह अब तक कर रहा है। भाइयो, मैं आप लोगों को एक स्तोत्र की कुछ पंक्तियाँ सुनाता हूँ, जिसकी आवृति मैं बचपन से कर रहा हूँ और जिसकी आवृति प्रतिदिन लाखों मनुष्य किया करते है:

**रुचीनां वैचित्र्यादृजुकुटिल नानापथजुषाम् ।**
**नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव ।।**

- ' जैसे विभिन्न नदियाँ भिन्न भिन्न स्रोतों से निकलकर समुद्र में मिल जाती हैं, उसी प्रकार हे प्रभो! भिन्न भिन्न रुचि के अनुसार विभिन्न टेढ़े-मेढ़े अथवा सीधे रास्ते से जानेवाले लोग अन्त में तुझमें ही आकर मिल जाते हैं।' यह सभा, जो अभी तक आयोजित सर्वश्रेष्ठ पवित्र सम्मेलनों में से एक है, स्वतः ही गीता के इस अद्भुत उपदेश का प्रतिपादन एवं जगत् के प्रति उसकी घोषणा है:

**ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम् ।**
**मम वर्त्मानुवर्तन्ते मनुष्याः पार्थ सर्वशः ।।**

- ' जो कोई मेरी ओर आता है - चाहे किसी प्रकार से हो - मैं उसको प्राप्त होता हूँ। लोग भिन्न मार्ग द्वारा प्रयत्न करते हुए अन्त में मेरी ही ओर आते है।'

साम्प्रदायिकता, हठधर्मिता और उनकी बीभत्स वंशधर धर्मान्धता इस सुन्दर पृथ्वी पर बहुत समय तक राज्य कर चुकी है। वे पृथ्वी को हिंसा से भरती रही है, उसको बारम्बार मानवता के रक्त से नहलाती रही है, सभ्यताओं को विध्वस्त करती और पूरे पूरे देशों को निराशा के गर्त में डालती रही है। यदि ये बीभत्स दानवी न होती, तो मानव समाज आज की अवस्था से कहीं अधिक उन्नत हो गया होता । पर अब उनका समय आ गया है, और मैं आन्तरिक रूप से आशा करता हूँ कि आज सुबह इस सभा के सम्मान में जो घण्टाध्वनि हुई है, वह समस्त धर्मान्धता का, तलवार या लेखनी के द्वारा होनेवाले सभी उत्पीड़नों का, तथा एक ही लक्ष्य की ओर अग्रसर होनेवाले मानवों की पारस्परिक कटुता का मृत्युनिनाद सिद्ध हो।

***-स्वामी विवेकानंद***

# Recitation Passage

**Std. XI , XII, Group-E (English)**

## Swamiji's Chicago Address- Sisters and Brothers

Sisters and Brothers of America,

It fills my heart with joy unspeakable to rise in response to the warm and cordial welcome which you have given us. I thank you in the name of the most ancient order of monks in the world; I thank you in the name of the mother of religions, and I thank you in the name of millions and millions of Hindu people of all classes and sects.

My thanks, also, to some of the speakers on this platform who, referring to the delegates from the Orient, have told you that these men from far-off nations may well claim the honor of bearing to different lands the idea of toleration. I am proud to belong to a religion which has taught the world both tolerance and universal acceptance. We believe not only in universal toleration, but we accept all religions as true. I am proud to belong to a nation which has sheltered the persecuted and the refugees of all religions and all nations of the earth. I am proud to tell you that we have gathered in our bosom the purest remnant of the Israelites, who came to Southern India and took refuge with us in the very year in which their holy temple was shattered to pieces by Roman tyranny. I am proud to belong to the religion which has sheltered and is still fostering the remnant of the grand Zoroastrian nation. I will quote to you, brethren, a few lines from a hymn which I remember to have repeated from my earliest boyhood, which is every day repeated by millions of human beings: "As the different streams having their sources in different paths which men take through different tendencies, various though they appear, crooked or straight, all lead to Thee."

The present convention, which is one of the most august assemblies ever held, is in itself a vindication, a declaration to the world of the wonderful doctrine preached in the Gita. "Whosoever comes to Me, through whatsoever form, I reach him; all men are struggling through paths which in the end lead to me." Sectarianism, bigotry, and its horrible descendant, fanaticism, have long possessed this beautiful earth. They have filled the earth with violence, drenched it often and often with human blood, destroyed civilization and sent whole nations to despair. Had it not been for these horrible demons, human society would be far more advanced than it is now. But their time has come; and I fervently hope that the bell that tolled this morning in honor of this convention may be the death-knell of all fanaticism, of all persecutions with the sword or with the pen, and of all uncharitable feelings between persons wending their way to the same goal.

***-Swami Vivekananda***

## पाठश्लोक (Recitation Shlokas)

**Std. XI , XII, Group-E (संस्कृतश्लोक)** **कठोपनिषद्**

| श्लोक | अर्थ (केवल समझने हेतु) |
|---|---|
| येयं प्रेते विचिकित्सा मनुष्ये-<br>ऽस्तीत्येके नायमस्तीति चैके।<br>एतद्विद्यामनुशिष्टस्त्वयाहं<br>वराणामेष वरस्तृतीयः ॥ २० ॥ | मरे हुए मनुष्यके विषयमें कहते हैं कि मरनेके बाद यह आत्मा रहता है और कोई ऐसा कहते हैं कि आत्मा नहीं रहता। आपके द्वारा उपदेश पाकर मैं इसका निर्णय लेना चाहता हूँ। वरोंमेंसे यही मेरा तीसरा वर है॥ २० ॥ |
| देवैरत्रापि विचिकित्सितं पुरा<br>न हि सुविज्ञेयमणुरेष धर्मः ।<br>अन्यं वरं नचिकेतो वृणीष्व<br>मा मोपरोत्सीरति मा सृजैनम् ॥ २१ ॥ | हे नचिकेता इस विषयमें पहले देवताओंने भी संदेह किया था (परंतु उनकी भी समझमें नहीं आया) क्योंकि यह विषय बड़ा सूक्ष्म है सहज ही समझमें आनेवाला नहीं है। इसलिये तुम दूसरा वर माँग लो। मुझपर दबाव मत डालो इस आत्मज्ञानसम्बन्धी वरको मेरे लिए छोड़ ॥ २१ ॥ |
| देवैरत्रापि विचिकित्सितं किल<br>त्वं च मृत्यो यन्न सुविज्ञेयमात्थ।<br>वक्ता चास्य त्वादृगन्यो न लभ्यो<br>नान्यो वरस्तुल्य एतस्य कश्चित् ॥ २२॥ | हे यमराज! आपने यह कहा कि सचमुच इस विषयपर देवताओंने भी विचार किया था परंतु वे निर्णय नहीं कर पाये और यह बड़ा कठिन है। ये बातें सही हैं परन्तु विषयको कहनेवाला भी आपके-जैसा दूसरा नहीं मिल सकता -इसलिये यह वर ही मेरी याचना है॥ २२ ॥ |
| शतायुषः पुत्रपौत्रान् वृणीष्व<br>बहून् पशून् हस्तिहिरण्यमश्वान् ।<br>भूमेर्महदायतनं वृणीष्व<br>स्वयं च जीव शरदो यावदिच्छसि ॥ २३॥ | नचिकेता! सैकड़ों वर्षोंकी आयुवाले बेटे और पोतोंको तथा)बहुत-से गौ आदि पशुओंको एवं हाथी, सुवर्ण और घोड़ोंको माँग लो। भूमिके बड़े विस्तारवाले मण्डल साम्राज्य को माँग लो। तुम स्वयं भी जितने वर्षोंतक चाहो जीते रहो ॥ २३ |
| एतत्तुल्यं यदि मन्यसे वरं वृणीष्व वित्तं चिरजीविकां च।<br>महाभूमौ नचिकेतस्त्वमेधि कामानां त्वा कामभाजं करोमि<br>॥ २४ ॥ | नचिकेता धन, सम्पत्ति और अनन्तकालतक जीनेके साधनोंको यदि चाहो तो मांग लो । इस पृथ्वीलोकमें बड़े भारी सम्राट् बन जाओ । मैं तुम्हें सम्पूर्ण भोगोंमेंसे अति उत्तम भोगोंको भोगनेवाला बना देता हूँ ॥ २४॥ |
| ये ये कामा दुर्लभा मर्त्यलोके सर्वान्कामांश्छन्दतः<br>प्रार्थयस्व।<br>इमा रामाः सरथाः सतूर्या न हीदृशा लम्भनीया मनुष्यैः।<br>आभिर्मत्प्रत्ताभिः परिचारयस्व नचिकेतो मरणं माऽनुप्राक्षीः<br>॥॥ २५॥ | जो-जो भोग मृत्युलोकमें दुर्लभ हैं, उन सबको तुम अपने इच्छानुसार माँग लो। ये रथों और विविध प्रकारके वाद्योंसहित जो स्वर्गकी सुन्दरी रमणियाँ हैं, ऐसी रमणियाँ मनुष्योंमें कहीं नहीं मिल सकतीं। मैं इन सबको तुम्हें सहज ही दे रहा हूँ। तुम इन्हें ले जाओ और इनसे अपनी सेवा कराओ; परंतु नचिकेता ! तुम आत्मतत्त्वविषयक प्रश्न मत पूछो ॥ २५॥ |